# संकल्प सिद्धि

## ई-बुलेटिन (अर्द्धवार्षिक)

अंक : प्रथम (जनवरी-जून 2021)



## शहीद मंगल पाण्डे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

माधवपुरम, मेरठ (उ०प्र०)

'नैक' द्वारा 'बी+' ग्रेड प्रमाणित

# प्राचार्य संदेश



शिक्षण संस्थान मात्र शैक्षिक विषयों के औपचारिक अध्ययन का साधन ही नहीं होता अपितु छात्र-छात्राओं के चरित्र और व्यक्तित्व निर्माण का भी साधन होता है । यदि छात्र अनुशासन को अपने जीवन में सम्मिलित कर लें तो आदर्श स्वयं ही स्थापित हो जाएगा । युवा देश की शक्ति है इन्हें उचित मार्गदर्शन देकर सकारात्मक दिशा देने का दायित्व शिक्षण संस्थान व शिक्षकों का होता है। छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास हेतु सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ पाठ्य सहगामी क्रियाओं में सहभागिता भी नितांत आवश्यक है। शिक्षा के इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु महाविद्यालय में पूर्ण सत्र के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं, व्याख्यान, सेमिनार व संगोष्ठी आदि का आयोजन किया जाता है जिसमें छात्राएं बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करती हैं।

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि इस वर्ष महाविद्यालय द्वारा शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों नवोन्मेष एवं कार्यक्रमों के प्रकाशन हेतु छमाही ई-बुलेटिन "संकल्प सिद्धि" का प्रथम अंक प्रकाशित किया जा रहा है । अपने शीर्षक "संकल्प सिद्धि" के अनुरूप ही यह बुलेटिन छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं उन्हें दक्षता प्रदान करने हेतु संस्थान द्वारा लिए जा रहे विभिन्न संकल्प एवं उसकी उपलब्धियों व सिद्धियों को समेकित करने के उद्देश्य से प्रकाशित किया जा रहा है।

आशा है कि इस ई-बुलेटिन में प्रकाशित सामग्री से महाविद्यालय साथियों के अतिरिक्त अन्य हितधारी भी लाभान्वित हो सकेंगे, साथ ही उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता, गुणात्मक अभिवृद्धि एवं मार्गदर्शक सुझाव हेतु उचित मंच मिल सकेगा । मैं इस ई-बुलेटिन "संकल्प सिद्धि" के प्रथम अंक के सार्थक व सतत प्रकाशन हेत मुख्य सम्पादक डॉ० गीता चौधरी एवं सम्पादक मण्डल के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं प्रेषित करती हूँ ।

प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह

## संपादिका की कलम से...



माँ शारदे की असीम अनुकंपा एवं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं कुशल निर्देशन में ई-बुलेटिन 'संकल्प सिद्धि' का शुभारंभ करते हुए इसके प्रथम अंक को आप सभी पाठकों को समर्पित करने में मुझे अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है । गौरवमयी इतिहास की साक्षी मेरठ की क्रांतिधरा पर स्थित शहीद मंगल पाण्डे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अपने नाम के अनुरूप छात्राओं को शिक्षित एवं दीक्षित करने की ओर क्रांतिकारी भूमिका निभा रहा है। महाविद्यालय अपने सूत्र वाक्य 'चरैवेति चरैवेति' को चरितार्थ करते हुए छात्राओं की शिक्षा, स्वावलंबन, स्वास्थ्य, रोजगार एवं सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण आयामों को ध्यान में रखते हुए परिवार, समाज, राष्ट्र एवं वैश्विक परिवेश के अनुकूल उनको बौद्धिक, शारीरिक एवं मानसिक क्षमताओं को विकसित करने हेतु संकल्पबद्ध है । छात्राओं के संपूर्ण एवं बहुमुखी व्यक्तित्व विकास हेतु महाविद्यालय में आयोजित शिक्षण, शोध एवं शिक्षणेत्तर कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में प्रदीप्त छात्राओं के अद्वितीय सृजन, प्रखर अभिव्यक्तियों, प्रतिबद्धताओं, संकल्पों एवं सफलताओं के संकलन ई-बुलेटिन 'संकल्प सिद्धि' का प्रकाशन स्वयं में एक संकल्प सिद्धि है। मुझे यह बात साझा करने में गर्व की अनुभूति हो रही है कि बुलेटिन का नाम संकल्प-सिद्धि सरकारी योजना 'संकल्प से सिद्धि' से प्रेरित है जो कि छात्राओं की शिक्षा, स्वावलंबन, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबंधित संकल्पों एवं सशक्त महिला, सशक्त समाज एवं सशक्त राष्ट्र निर्माण की सिद्धि को उजागर करता है ।

मैं संपादक मंडल के सभी सदस्यों डॉ० राकेश कुमार, डॉ० वैभव शर्मा, डॉ० अमर ज्योति एवं डॉ० ज्योति चौधरी का हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ जिनकी रचनात्मकता, कार्यकुशलता एवं समर्पण भाव से यह सृजन संकलन संभव हो पाया है। मैं महाविद्यालय परिवार के सभी साथियों का उनके सहयोग एवं सकारात्मक सक्रियता हेतु अंत: से आभारी हूँ । अंत में शिक्षा के संकल्प से समस्त सिद्धियों को प्राप्त करने हेतु निरंतर प्रयास ही हमारी प्रेरणा है।

सादर कृतज्ञता समस्त के प्रति!

डॉ० गीता चौधरी (मुख्य सम्पादक)

## सम्पादक मण्डल



डॉ० ज्योति चौधरी
(सह-सम्पादक)



डॉ० अमर ज्योति
(सह-सम्पादक)



डॉ० राकेश कुमार
(तकनीकी-सम्पादक)



डॉ० वैभव शर्मा
(तकनीकी-सम्पादक)

## आई०क्यू०ए०सी० : संकल्प शिक्षा, शिक्षण एवं शोध में गुणवत्ता का...



नैक के दिशा निर्देशों के अनुरूप गठित आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ महाविद्यालय में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक इकाई के रूप में शिक्षा, शिक्षण अधिगम एवं मूल्यांकन में गुणवत्ता निश्चयन हेतु विभिन्न सम्बंधित मुद्दों पर अग्रिम कार्ययोजना बनाकर कार्यक्रमों एवं गतिविधियों को निर्धारित एवं सम्पादित कर रही है । इस दिशा में प्राचार्य डॉ० दिनेश चंद की अध्यक्षता एवं आई०क्यू०ए०सी० समन्वयक डॉ० उमाशंकर प्रसाद के नेतृत्व में दिनांक 15.03.2021 एवं दिनांक 28.06.2021 को ऑनलाइन बैठकों का आयोजन किया गया । बैठक में वाह्य सदस्य के रूप में प्रो० बीरपाल सिंह, भौतिक विज्ञान विभाग, चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, श्री प्रितीश कुमार, पूर्व अध्यक्ष रोटरी क्लब मेरठ, डॉ० राजीव गुप्ता क्षेत्राधिकारी उच्च शिक्षा मेरठ, श्री कुलदीप शर्मा, अध्यक्ष रॉयल रबर इंडिया मेरठ, अभिभावक प्रतिनिधि, पुरातन छात्रा एवं वर्तमान छात्रा प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया । बैठक में शिक्षा, शोध, शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों, ऑनलाइन/ऑफलाइन कक्षाओं, वेबीनार, वर्कशॉप का संचालन, नई शिक्षा नीति क्रियान्वयन संबंधित कार्यक्रम, कोविड-19 बचाव हेतु कैंप एवं जागरूकता कार्यक्रम, छात्राओं, शोधार्थियों एवं शिक्षकों की अकादमिक एवं अन्य उपलब्धियों के अवलोकन एवं विश्लेषण के अतिरिक्त अग्रिम कार्य योजना हेतु सुझावों पर विचार विमर्श हुआ । बैठक में महाविद्यालय की आई०क्यू०ए०सी० समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## कोविड-19 जागरूकता : संकल्प सावधानी का...



पिछले दो वर्षों से ना केवल भारत बल्कि संपूर्ण विश्व कोविड-19 महामारी के कारण अभूतपूर्व कठिनाइयों एवं चुनौतियों का सामना कर रहा है शिक्षण संस्थान भी इससे बुरी तरह प्रभावित हुए हैं । कोविड-19 संक्रमण काल में महाविद्यालय में शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों का आयोजन शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप किया गया । महाविद्यालय में कोविड संक्रमण की रोकथाम हेतु समय-समय पर महाविद्यालय परिसर व विभागों में विसंक्रमण की प्रक्रिया को पूर्ण कराया गया । परीक्षाओं के दौरान भी परीक्षा कक्षों तथा मुख्य भवन को विसंक्रमित कराया गया । महाविद्यालय में कोविड संक्रमण तथा वैक्सीनेशन की स्थिति से संबंधित सूचनाएं शासन, जिला प्रशासन तथा विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराई गई । उपरोक्त कार्यो का निष्पादन कोविड समिति प्रभारी डॉ० मंजू रानी एवं समिति सदस्यों डॉ० पारुल मलिक, डॉ० आशीष पाठक तथा डॉ० सोशल के निर्देशन में हुआ । महाविद्यालय के तीनों भवनों में सेंसर युक्त सैनिटाइजर मशीनें लगवाई गई एवं प्राचार्य महोदय के आदेशानुसार कोविड समिति ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोविड स्वास्थ्य कैंप लगवाएं गए, जिसमें समस्त स्टाफ व छात्राओं का कोविड-19 एंटीजन व आरटी-पीसीआर जाँच करायी गई । माननीय राज्यपाल महोदय के दिशा निर्देशानुसार महाविद्यालय के आसपास के परिक्षेत्र में लोगों को कोविड वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करने हेतु कोविड वर्कफोर्स का गठन किया गया एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा महाविद्यालय में कोविड-19 वैक्सीनेशन सेंटर भी बनाया गया ।



## सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती (पराक्रम दिवस)





महाविद्यालय में दिनांक 23.01.2021 को सुभाष चन्द्र बोस जयंती को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय विधायक, डॉ० सोमेंद्र तोमर ने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्पण किया । इस अवसर पर डॉ० सोमेंद्र तोमर ने महाविद्यालय की नव निर्मित कम्प्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास, जंतु विज्ञान प्रयोगशाला व ऑटोमेटेड पुस्तकालय का लोकार्पण किया तथा सुभाष चन्द्र बोस के योगदान व संघर्षों से परिचित कराते हुए छात्राओं को देश के गौरवमयी इतिहास को पढ़ने हेतु प्रेरित किया ।

## गणतंत्र दिवस समारोह



महाविद्यालय के प्रांगण में देश का 72 वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया । सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० दिनेश चंद के द्वारा ध्वजारोहण किया गया । समारोहक डॉ० लता कुमार द्वारा उच्च शिक्षा निदेशक डॉ० अमित भारद्वाज द्वारा प्रेषित गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन किया गया । महाविद्यालय की वरिष्ठतम प्राध्यापक डॉ० भारती दीक्षित ने देश के अमर शहीदों की स्मृति एवं देश की वर्तमान उपलब्धियों से अवगत कराते हुए सभी को गौरवमयी भावनाओं से ओत-प्रोत कर दिया । महाविद्यालय प्राध्यापकों, कर्मचारियों एन०सी०सी० कैडेट्स व छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की ।

**थोड़ा सा अभ्यास बहुत सारे उपदेशों से बेहतर है । -महात्मा गांधी**

## चौरी-चौरा शताब्दी समारोह : शहीदों की स्मृति में...



चौरी-चौरा जन आंदोलन के 100 साल पूरे होने के अवसर पर उ०प्र० सरकार ने जन आंदोलनकारियों की स्मृति में शताब्दी वर्ष मनाने की घोषणा की । इस उपलक्ष्य में महाविद्यालय में दिनांक 04.02.2021 को चौरी-चौरा शताब्दी समारोह का उद्घाटन किया गया । प्राचार्य डॉ० दिनेश चंद ने कार्यक्रम की अध्यक्षता में इतिहास विभाग से डॉ० राजकुमार सिंह ने चौरी-चौरा घटना के इतिहास से छात्राओं को परिचित कराया। दिनांक 23.03.2021 को शहीद दिवस के उपलक्ष में चौरी-चौरा शताब्दी महोत्सव की संयोजिका डॉ० अनीता गोस्वामी के निर्देशन में महाविद्यालय में "सरदार भगत सिंह का आज़ादी में योगदान" विषय पर भाषण प्रतियोगिता और "क्रांति और आज़ादी" विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया । सभी विभागों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपने उद्बोधन के द्वारा सरदार भगतसिंह को स्मरण करते हुए अपने भाषण उत्कृष्ट शैली में प्रस्तुत करते हुए उनके चरित्र को जीवन्त कर दिया ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना : सामाजिक सेवा एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान का संकल्प...



"सभी शक्तियां आपके अंदर है और आप सब कुछ कर सकते है"- स्वामी विवेकानंद

छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, समाज एवं राष्ट्र के प्रति उनका उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाइयाँ संचालित हैं । राष्ट्रीय सेवा योजना के सिद्धांत वाक्य "मुझको नहीं तुमको" में निहित भाव को छात्राओं में अंकुरित करने हेतु प्राचार्य डॉ० दिनेश चंद के संरक्षण, डॉ० स्वर्णलता कदम (कार्यक्रम अधिकारी प्रथम इकाई) एवं डॉ० मंजू रानी (कार्यक्रम अधिकारी द्वितीय इकाई) के नेतृत्व में महाविद्यालय में चार, एक दिवसीय शिविरों का आयोजन किया गया । शिविर में छात्राओं ने श्रमदान एवं पौधारोपण किया, स्वच्छता जागरूकता, मतदाता जागरूकता, नारी सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, भूजल संरक्षण पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से सहभागिता की एवं रैली निकालकर स्थानीय जनमानस को जागरूक किया ।



दिनांक 09.02.2021 से 15.02.2021 तक प्रथम इकाई का सप्त दिवसीय विशेष शिविर देवी अहिल्या बाई इण्टर कालेज में लगाया गया एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई के विशेष शिविर का आयोजन दिनांक 17.02.2021 से 23.02.2021 तक राष्ट्रीय इंटर कॉलेज नूर नगर लिसाड़ी में किया गया । दोनों शिविरों में स्वास्थ्य परीक्षण, आर्थिक निर्भरता, महिला शिक्षा एवं सुरक्षा, स्वच्छता सन्देश, व्यक्तित्व विकास, पर्यावरण संरक्षण, कोविड-19 से बचाव एवं सामुदायिक सौहार्द्र जैसे सामाजिक एवं राष्ट्रीय सरोकारों पर कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय लोगों को जागरूक किया । स्वयं सेविकाओं ने हस्त निर्मित मास्क भी जरूरतमंद लोगों को वितरित किये ।

## महिला प्रकोष्ठ : लैंगिक समानता की ओर बढते कदम...



विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है, जिसका उद्देश्य छात्राओं एवं महिला कर्मचारियों को शिक्षा एवं शिक्षण हेतु सम्मानजनक एवं अनुकूल वातावरण प्रदान करना तथा छात्राओं के संपूर्ण विकास हेतु शैक्षणिक, तकनीकी, स्वास्थ्य, सांस्कृतिक और अन्य संबंधी मुद्दों पर कार्यक्रमों का आयोजन करना है । महिला प्रकोष्ठ किसी भी प्रकार की शिकायत एवं समस्या के निवारण हेतु संकल्पित है । प्रकोष्ठ के अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य के संरक्षण में वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों का संचालन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ० ममता सागर के द्वारा कराया गया । दिनांक 30.01.2021 को महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत "नारी सशक्तिकरण" विषय पर एक स्लोगन प्रतियोगिता करायी गयी एवं दिनांक 05.02.2021 को महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत "महिला सुरक्षा : कानून एवं योजनाएँ" विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया । मुख्य वक्ता के रूप में एडवोकेट आशिफा परवीन ने छात्राओं को महिला सुरक्षा से सम्बंधित जानकारी प्रदान की और बताया कि वर्तमान समय में स्त्री अपने को किस प्रकार से सुरक्षित रख सकती है एवं स्वयं को आत्मनिर्भर बना सकती है । दिनांक 08.03.2021 को "अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस" के अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता "महिलाओं में आत्मनिर्भरता" विषय पर आयोजित की गयी । प्राचार्य ने अपने संबोधन में छात्राओं को सशक्त रहने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने एवं सकारात्मक सोच रखने का आह्वान किया ।

**उस शिक्षा का क्या मूल्य है जो हमारे अंदर गलत को सही करने का जुनून और निडरता ना पैदा कर सके । —किरण बेदी**

## राष्ट्रीय युवा सप्ताह : प्रतिभा उन्मेष



साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद एक रचनात्मकता से परिपूर्ण परिषद है, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं को हर वर्ष उनकी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान किया जाता है । इस परिषद द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12.01.2021 से 19.01.2021 तक विवेकानंद जन्मोत्सव का आयोजन युवा महोत्सव के रूप में किया गया । जिसमें छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे पोस्टर, क्राफ्ट, अर्द्ध शास्त्रीय नृत्य, देश भक्ति गीत, ग्रीटिंग कार्ड, रंगोली एवं रंगारंग कार्यक्रमों के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को जाना । प्रतियोगिताओं के आयोजन में संयोजक डॉ० उमा शंकर प्रसाद व राधा रानी के साथ डॉ० शालिनी वर्मा, डॉ० कुमकुम, डॉ० अमर ज्योति, डॉ० पारुल मलिक, डॉ० रंजन कुमार तथा डॉ० गौरी का विशेष सहयोग रहा ।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस : योग संकल्प से स्वास्थ्य सिद्धि...



योग हमारी प्राचीन परम्पराओं की अमूल्य पहचान एवं धरोहर है। योग मन और शरीर के बीच एकता एवं सामंजस्य स्थापित कर मन को शांत कर शरीर में ऊर्जा का संचार करता है। इस उद्देश्य हेतु दिनांक 21.06.2021 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन कोविड-19 महामारी से बचाव के दिशा निर्देशों के अनुरूप आभासीय पटल पर किया गया । डॉ० जितेन्द्र कुमार बालियान ने छात्राओं को विभिन्न आसन करवाकर उपयोगी जानकारी दी एवं डॉ० पूनम भंडारी ने छात्राओं को इस वर्ष की थीम 'Yoga for wellbeing' के बारे में विस्तार से बताया । डॉ० भारती शर्मा ने छात्राओं को नियमित रूप से योग करने हेतु प्रोत्साहित किया ।


## कला एवं सौंदर्य कार्यशाला



बी०एड० प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम में अनिवार्य गतिविधि Enhancing professional competency अर्थात EPC के अंतर्गत एक पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन, दिनांक 24 से 28 मार्च 2021 के मध्य कार्यशाला प्रभारी एवं संयोजिका डॉ० मंजू रानी, सहायक प्रोफेसर, बी०एड० विभाग के निर्देशन में किया गया । इस कार्यशाला में छात्राओं ने कला एवं सौंदर्य सबन्धी विभिन्न सामग्रियों का निर्माण करना सीखा ।



## प्रसार व्याख्यान माला



महाविद्यालय की छात्राओं को परम्परागत विषयों के अतिरिक्त अन्य समसामयिक राष्ट्रीय एवं वैश्विक विषयों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से सत्र 2020-21 में, शोध एवम् प्रसार व्याख्यान माला समिति का गठन किया गया, जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० दिनेश चंद के संरक्षण एवं संयोजिका डॉ० मोनिका चौधरी के नेतृत्व में महाविद्यालय में विषय विशेषज्ञों द्वारा ज्वलन्त विषयों से सम्बन्धित व्याख्यान प्रस्तुत किये गये । दिनांक 28.02.2021 को महाविद्यालय में मिशन शक्ति के अंतर्गत शोध एवं प्रसार व्याख्यान माला समिति द्वारा छात्राओं के लिए "पोषण एवं मासिक धर्म स्वच्छता" विषय पर एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता डॉ० मोनिका कश्यप, असिस्टेंट प्रोफेसर, एल० एल० आर० एम० मेडिकल कॉलेज, मेरठ ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्राओं को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए तथा उन्हें पौष्टिक भोजन खाना चाहिए । दिनांक 06.03.2021 को 'महिलाओं के लिए कानूनी प्रावधानों की भूमिका' विषय पर एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता श्रीमती उषा सिंह, सहायक अभियोजन अधिकारी, अमरोहा ने महाविद्यालय की छात्राओं को कानून से संबंधित अधिकारों की जानकारी दी । दिनांक 05.06.2021 को "विश्व पर्यावरण दिवस" के अवसर पर एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन किया गया जिसका विषय- "पारिस्थितिकी तंत्र की पुनर्बहाली: आवश्यकता, संभावनाएं एवम् चुनौतियां" था, जिसमें मुख्य वक्ता प्रमुख पर्यावरणविद् डॉ० विजयपाल बघेल ने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक औषधीय पौधे लगाने की सलाह दी ।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षा हेतु निशुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान करना है। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय की ऐच्छिक छात्राओं का रजिस्ट्रेशन कराया गया । योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय के शिक्षक डॉ० नरेंद्र कुमार एवं डॉ० सत्यपाल सिंह राणा शिक्षण कार्य भी कर रहे हैं।

**हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जिससे चरित्र बने, मानसिक विकास हो, बुद्धि का विकास हो और मनुष्य अपने पैरों पर खड़ा हो सके । -स्वामी विवेकानंद**

## मिशन शक्ति अभियान : संकल्प शक्ति अर्जन का...



महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के उद्देश्य से उ०प्र० सरकार के शारदीय नवरात्र से वासंतिक नवरात्र तक चलने वाले 'मिशन शक्ति' अभियान के अन्तर्गत छात्राओं को सशक्त करने के उद्देश्य से प्राचार्य डॉ० दिनेश चंद की अध्यक्षता एवं प्रभारी डॉ० लता कुमार के नेतृत्व में विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधियों एवं कायक्रमों का आयोजन किया गया । दिनांक 26.02.2021 को "महिला सुरक्षा एवं कल्याण" विषय पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया । दिनांक 01.03.2021 से दिनांक 05.03.2021 तक मिशन शक्ति समिति और शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में छात्राओं हेतु आत्मरक्षा प्रशिक्षण के पाँच दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में मेरठ जिला ताइक्वांडो संघ से आए श्री विमलेंदु झा, अंतरष्ट्रीय कोच और श्री पूर्णेंदु झा, ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोच तथा मेरठ ताइक्वांडो एकेडमी, मेरठ के मुख्य प्रशिक्षकों द्वारा छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया । दिनांक 02.03.2021 को बी०एड० विभाग द्वारा "भारत की सशक्त महिलाएं" विषय पर भूमिका निर्वहन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । दिनांक 03.03.2021 को एक 'मानसिक परामर्श कार्यशाला' का आयोजन किया गया, जिसमें परामर्शदाता डॉ० अनीता मोरल असि० प्रो० मनोविज्ञान मेरठ कॉलेज, मेरठ ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की । दिनांक 10.03.2021 को "बालिकाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया ।



## शहीद दिवस



दिनांक 30.01.2021 को महाविद्यालय में शहीद दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ० अनीता गोस्वामी ने गांधी जी के व्यक्तित्व एवं डॉ० भारती दीक्षित ने गांधी जी के स्वच्छता संदेश पर प्रकाश डाला । प्राचार्य डॉ० दिनेश चंद ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए छात्राओं को उनके व्यक्तित्व से सत्य, अहिंसा और सदाचार की प्रेरणा लेने का संदेश दिया । तत्पश्चात शासन के निर्देशानुसार प्रात: 11:00 बजे 2 मिनट का मौन रखा गया । एन०सी०सी० कैडेट ने इस अवसर पर गांधी जी पर आधारित कविता प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की ।

## नेशनल कैडेट कोर (एन०सी०सी०)

छात्राओं में अनुशासन, एकता, नेतृत्व और सेवा भाव का संचार करने तथा सशस्त्र सेना में कैरियर बनाने के लिए छात्राओं को प्रेरित करने तथा आरंभिक प्रशिक्षण के उद्देश्य से महविद्यालय में एन०सी०सी० इकाई डॉ० लता कुमार के नेतृत्व में संचालित है। इकाई द्वारा नियमित प्रशिक्षण एवं परीक्षा के अतिरिक्त विविध राष्ट्रीय और सामाजिक सरोकारों में सहभागिता हेतु विभिन्न आयोजन और कार्यक्रम किये गये । महाविद्यालय एन०सी०सी० इकाई द्वारा 'सड़क सुरक्षा : जीवन रक्षा' विषय पर दिनांक 28.01.2021 को स्लोगन प्रतियोगिता और दिनांक 29.01.2021 को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । दिनांक 04.02.2021 को एन०सी०सी० कैडेट्स ने महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० दिनेश चंद एवं 22 यू०पी० गर्ल्स बटालियन, मेरठ के कमान अधिकारी कर्नल पंकज साहनी के संरक्षण तथा लैफ्टि० डॉ० लता कुमार के नेतृत्व में शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत एक रैली का आयोजन किया । रैली में कैडेट्स ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, महिला सुरक्षित : समाज सुरक्षित, बेटी पढ़ेगी : जीवन गढ़ेगी' जैसे नारे लगाते हुए लोगों को जागरुक किया। दिनांक 19.03.2021 इकाई द्वारा 'गौरैय्या दिवस' का आयोजन किया गया । इस अवसर पर कैडेट्स ने गौरैय्या के घोंसले निर्मित कर वितरित किए और गौरैया संरक्षण की शपथ ली । दिनांक 22.03.2021 को 'विश्व जल दिवस' का आयोजन किया गया । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० दिनेश चंद के संरक्षण एवं डॉ० लता कुमार के नेतृत्व में दिनांक 01.05.2021 को इकाई द्वारा महाविद्यालय में 'श्रमिक दिवस' का आयोजन किया गया । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० दिनेश चंद ने श्रमिकों का समाज निर्माण में महत्वपूर्ण स्थान बताया ।





**जो पुस्तके हमें सोचने के लिए विवश करती हैं वह हमारी सबसे अच्छी सहायक है । -जवाहरलाल नेहरू**

## एक भारत श्रेष्ठ भारत



भारत सरकार की बहु आयामी एवं महत्वाकांक्षी योजना 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का उद्देश्य विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की संस्कृति, परंपराओं और प्रथाओं के ज्ञान एवं आदान प्रदान से राज्यों के बीच सामंजस्य और बंधन स्थापित कर राष्ट्र की एकता और अखंडता मजबूत करना है। महाविद्यालय में इस योजना के अन्तर्गत डॉ० अनीता गोस्वामी के निर्देशन में अनेकों प्रतियोगिताओं जैसे-नृत्य, वाद विवाद, स्लोगन, भाषण, मॉडल तथा चार्ट आदि का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को उ०प्र० राज्य के युग्म राज्य मेघालय के बारे में जानने का अवसर प्राप्त हुआ ।

## थीम बेस्ड लिटरेरी फेस्ट



उ०प्र० शासन, लखनऊ के आदेशानुसार महाविद्यालय में छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु सत्र 2020-21 के दौरान थीम बेस्ड लिटरेरी फेस्ट के अन्तर्गत प्राचार्य डॉ० दिनेश चंद के कुशल मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ० भारती दीक्षित के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । इसके अन्तर्गत डॉ० उमाशंकर प्रसाद व डॉ० रंजन कुमार के निर्देशन में दिनांक 18.01.2021 को पोस्टर प्रतियोगिता, डॉ० अमर ज्योति के निर्देशन में दिनांक 10.02.2021 को स्वदेशी वस्तुओं से निर्मित कला एवं शिल्प प्रदर्शनी, डॉ० सुधा रानी सिंह के निर्देशन में दिनांक 08.03.2021 को 'राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका' विषय पर काव्य पाठ प्रतियोगिता तथा डॉ० गौरी के निर्देशन में 'भारतीय संस्कृति एवं पर्यावरण' विषय पर दिनांक 05.04.2021 को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

## सूचना एवं रोजगार प्रकोष्ठ

महाविद्यालय में छात्राओं को रोजगार सम्बन्धी सूचना, परामर्श एवं रोजगार के विविध अवसरों को उपलब्ध कराने हेतु डॉ० भारती दीक्षित के नेतृत्व में 'सूचना एवं रोजगार प्रकोष्ठ' की स्थापना की गयी है । प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जनवरी 2021 को एन०आई०आई०टी० के द्वारा 'बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार के विविध अवसर' विषय पर सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी श्री अशोक आहूजा व पायल पाहवा ने व्याख्यान प्रस्तुत किया । दिनांक 22.01.2021 एन०आई०आई०टी० एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मुहैया कराने हेतु ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें वर्तमान में छात्राएं ट्रेनिंग प्राप्त कर रही हैं ।




## रेंजर्स : सामाजिक सरोकार एवं संकल्प



युवाओं में अनुशासन, राष्ट्रभक्ति एवं समाज सेवा के उच्च आदर्शों का भाव पैदा करने के लिए उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड मेरठ के तत्वावधान में महाविद्यालय में रेंजर्स गतिविधियों के लिए सन 2003 से क्रांति रेंजर्स टीम पंजीकृत है। अपने नाम के ही अनुरूप महाविद्यालय की रेंजर्स क्रांतिकारी रूप से रेंजर्स के आदर्श वाक्य 'सेवा करो' के लिए सदैव तत्पर रहती है । दिनांक 1 फरवरी से 5 फरवरी 2021 तक पंच दिवसीय रेंजर्स निपुण प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय की 11 रेंजर्स ने प्रतिभागिता की । दिनांक 01.02.2021 को प्राचार्य डॉ० दिनेश चंद के संरक्षण में डी० ओ० सी० गाइड पूनम चौधरी एवं रेंजर प्रभारी डॉ० अनुजा गर्ग के नेतृत्व में त्रिदिवसीय वार्षिक रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 104 छात्राओं ने प्रवेश एवम् प्रवीण पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण प्राप्त किया । दिनांक 08.02.2021 को तंबू निर्माण मॉडल प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । रेंजर्स की 12 टोलियों ने तंबू के आकर्षक मॉडल बनाए तथा उनमें गैजेट्स का भी सुंदर प्रदर्शन किया।



दिनांक 01.03.2021 को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत 'महिला सुरक्षा एवं कानून' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । दिनांक 12.03.2021 को मास्क मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

**देश का सबसे अच्छा दिमाग क्लास रूम की आखिरी बैंचों पर मिल सकता है । -डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम**

## मंथन : अकादमिक उन्नयन एवं वैचारिक विमर्श मंच




दिनांक 19.02.2021 को मंथन : अकादमिक उन्नयन एवम् वैचारिक विमर्श के अन्तर्गत प्राचार्य डॉ॰ दिनेश चंद जी की अध्यक्षता एवं डॉ॰ गीता चौधरी के नेतृत्व में साहित्यिक चोरी (प्लेजियारिज्म) विषय पर वैचारिक मंथन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ॰ जमाल अहमद सिद्दीकी, पुस्तकालय अध्यक्ष, राजा महाराणा प्रताप पुस्तकालय चौ॰ चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा प्लेजियारिज्म के कारण व निवारण के विषय में विस्तार से चर्चा की गई । उन्होंने कहा कि प्लेजियारिज्म की जानकारी रखना केवल शोधार्थियों के लिए ही नहीं बल्कि शोध पर्यवेक्षक तथा हर उस व्यक्ति के लिए आवश्यक है जो अपना शोध प्रकाशित कराते हैं। डॉ॰ सिद्दीकी ने सभी शोधार्थियों को ईमानदारी से शोध कार्य करने की प्रेरणा दी एवं शोध हेतु अच्छे व बुरे स्रोतों, रेफरेंस, पेराफ्रजिंग, मेंडेले सॉफ्टवेयर आदि की जानकारी दी । डॉ॰ सिद्दीकी ने अपने व्याख्यान में प्रकरण के व्यावहारिक पक्ष के साथ साथ नैतिक पक्ष पर भी प्रकाश डाला ।

## सड़क सुरक्षा माह

दिनांक 21.01.2021 को शासन के निर्देश के क्रम में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात समिति एवं एन॰सी॰सी॰ इकाई के तत्वावधान में डॉ॰ लता कुमार के निर्देशन में छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी और यातायात जागरुकता पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें श्री सुनील कुमार शर्मा, मुख्य प्रशिक्षक यातायात एवं उपसचिव मिशिका सोसायटी, मेरठ ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तृत जानकारी दी और महिला ट्रैफिक हवलदार के माध्यम से सभी सुरक्षा संकेतकों का मंच पर प्रदर्शन कर छात्राओं और एन॰सी॰सी॰ कैडेट्स को प्रशिक्षित किया । दिनांक 12.02.2021 सड़क सुरक्षा पर एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें कैडेट्स ने सड़क पर लोगों को हेलमेट लगाने के लिए जागरुक किया ।



## सुहेल देव जयन्ती

दिनांक 16.02.2021 को महाविद्यालय में महाराजा सुहेल देव जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर डॉ॰ अनिता गोस्वामी ने ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर महाराजा सुहेल देव जी के इतिहास और घटनाओं पर विस्तार से चर्चा की और महानतम हिंदू राष्ट्रवादी राजा के रूप में उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला ।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस



दिनांक 08.03.2021 को महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया । इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ॰ गीता चौधरी, विशिष्ट वक्ता डॉ॰ भारती शर्मा एवं सुश्री निगहत सैय्यद ने महिला सशक्तिकरण के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की । इस अवसर पर दस दिवसीय मिशन शक्ति अभियान की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्राचार्य डॉ॰ दिनेश चंद द्वारा पुरस्कृत किया गया । डॉ॰ कुमकुम ने उपस्थित छात्राओं एवं प्राध्यापकों को बालिका सुरक्षा हेतु शपथ दिलाई ।



## इको रेस्टोरेशन क्लब : पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



छात्राओं को अपने वातावरण और प्रकृति के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में इकोरेस्टोरेशन क्लब का गठन किया गया है । क्लब के अंतर्गत डॉ॰ सत्यपाल सिंह राणा के निर्देशन में महाविद्यालय में वर्ष भर प्रकृति रोपण, पौधा वितरण, पक्षी पोषण एवं पर्यावरण से संबंधित व्याख्यान का आयोजन किया गया है। सत्र 2021 में जनवरी से जून तक इको क्लब द्वारा छात्राओं को ऑनलाइन माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरुक किया गया, एवं पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया । जून के अंतिम सप्ताह में विश्वविद्यालय के आदेशानुसार प्राचार्य के निर्देशन में महाविद्यालय परिसर में पीपल के वृक्ष लगाए गए जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी को प्राणदायक वायु मिल सके।

**शिक्षा का कार्य गहराई से और गंभीर रूप से सोचना सीखना है । बुद्धिमता के साथ चरित्र यही सच्ची शिक्षा का लक्ष्य है । -मार्टिन लूथर किंग जूनियर**

## कन्या सुमंगला योजना



दिनांक 09.01.2021 को उ०प्र० सरकार की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से अधिकाधिक छात्राओं को लाभान्वित करने के उद्देश्य से डॉ० लता कुमार के निर्देशन में एक शिविर का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया । शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० दिनेश चंद ने किया । शिविर में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना तथा महिला कल्याण की विविध योजनाओं से छात्राओं को परिचित कराने के लिए महिला कल्याण विभाग से श्रीमती नेहा त्यागी, महिला कल्याण अधिकारी तथा अरुणोदय सामाजिक संस्था की अध्यक्ष श्रीमती अनुभूति चौहान उपस्थित रहीं । श्रीमती नेहा त्यागी ने छात्राओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभ तथा उसके लिए आवेदन करने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी ।

## वार्षिक क्रीडा समारोह



महाविद्यालय में दिनांक 06.02.2021 व 08.02.2021 को प्राचार्य की अध्यक्षता में वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन किया गया । प्रथम दिवस में समारोह का शुभारंभ प्राचार्य डॉ० दिनेश चंद द्वारा धवज फहरा कर किया गया । सभी छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट कर शपथ ग्रहण की गई । प्राचार्य डॉ० दिनेश चंद ने गत वर्ष की छात्रा चैम्पियन तथा क्रीड़ा समारोह के आयोजन सचिव डॉ० जितेन्द्र कुमार बालियान एवं संयोजक डॉ० भारती शर्मा के साथ मशाल जलाकर छात्राओं को संबोधित किया । प्रथम दिन विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिता जैसे शटल रन, जेवलिन प्रक्षेपण, गोला प्रक्षेपण, चक्का प्रक्षेपण, बैडमिण्टन, टेबल टेनिस आदि का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने खूब बढ चढ कर प्रतिभाग किया । दिनांक 08.02.2021 को मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी अलका तोमर की उपस्थिति में समापन समारोह का आयोजन किया गया । श्रीमती अलका तोमर ने छात्राओ को जीवन में खेलों का महत्व बताते हुए उन्हें प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक प्रतिभागिता करने हेतु प्रेरित किया ।




## 21 वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह



दिनांक 16.02.2021 को महाविद्यालय, में 21 वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय डॉ० सोमेंद्र तोमर, विधायक, मेरठ-दक्षिण, विशिष्ट अतिथि डॉ० अश्वनी गोयल, सेवानिवृत्त प्राचार्य, कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य डॉ० दिनेश चंद ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । समारोहक डॉ० लता कुमार द्वारा वार्षिक आख्या का वाचन किया गया । इसी क्रम में महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'जागृति' का विमोचन भी किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ० सोमेंद्र तोमर ने वर्षभर आयोजित महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओं, सड़क सुरक्षा, मिशन शक्ति, और स्वच्छता पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं, सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्राओं, सर्वश्रेष्ठ रेंजर्स, सर्वश्रेष्ठ कैडेट्स, सर्वश्रेष्ठ एन०एस०एस० स्वयं सेविकाओं, क्रीड़ा चैम्पियन, विश्वविद्यालय टॉपर आदि छात्राओं को पुरुस्कृत किया । समारोह में छात्राओं द्वारा विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ।



## डॉ० भीमराव अम्बेडकर जयन्ती



दिनांक 14.04.2021 को भारत रत्न डॉ० भीमराव अम्बेडकर जयंती कार्यक्रम का आयोजन आभासी माध्यम पर किया गया । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० दिनेश चंद ने कहा कि डॉ० अम्बेडकर एक युग पुरुष हैं और वर्तमान सरकार के प्रयासों से सम्पूर्ण राष्ट्र उनके महान व्यक्तित्व पर चर्चा कर रहा है । डॉ० लता कुमार, डॉ० ममता सागर, डॉ० अनीता गोस्वामी, डॉ० गीता चौधरी एवं डॉ० अमर ज्योति ने डॉ० अम्बेडकर के सामाजिक, राजनैतिक जीवन, महिला विकास सम्बन्धी प्रयासों, दलितोंद्वार एवं राष्ट्र निर्माण हेतु किए गए योगदान पर विस्तृत चर्चा की ।

**भविष्य में रचनात्मकता सफलता की कुंजी है और प्राथमिक शिक्षा वह है जहां शिक्षक उच्च स्तर पर बच्चों में रचनात्मकता ला सकता है ।-डॉ० एपीजे अब्दुल कलाम**

# विभागीय गतिविधियाँ

व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास ही शिक्षा का मूल उद्देश्य होता है । व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास हेतु शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन इसीलिए किया जाता है जिससे छात्राओं के मध्य आपस में सहयोग सामंजस्य व स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास हो । इसी उद्देश्य के दृष्टिगत छात्राओं के पाठ्य संबंधी पुस्तक ज्ञान के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन कराया गया । महाविद्यालय की समस्त गतिविधियों के सफल आयोजन में प्राचार्य डॉ० दिनेश चंद के संरक्षण एवम कुशल निर्देशन विभागीय प्राध्यापकों, महाविद्यालय परिवार, छात्राओं तथा शिक्षणेत्तर स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## हिन्दी विभाग



हिन्दी विभाग में डॉ० सुधा रानी सिंह के निर्देशन में विभागीय परिषद् में दिनांक 13.01.2021 को काव्य पाठ प्रतियोगिता विषय-नारी शक्ति, पर्यावरण, देशभक्ति, सामाजिक परिवेश और दिनांक 21.01.2021 को भाषण प्रतियोगिता विषय- 'साहित्य और संस्कृति पर कोविड़-19 का प्रभाव' का आयोजन किया गया । दिनांक 11.01.2021 को 'विश्व हिंदी दिवस' और फरवरी माह में 'विश्व मातृभाषा सप्ताह' बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया, जिसमें छात्राओं ने मनोरम झांकी प्रस्तुत की तथा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने का संकल्प लिया । हिंदी विभाग में 'हिंदी आलोचना का स्वरूप और विकास' विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें डॉ० दीपा त्यागी, एसोसिएट प्रोफेसर, इस्माइल नेशनल पी०जी० कॉलेज, मेरठ मुख्य वक्ता रहीं । सभी प्रतियोगिताओ के आयोजन में डॉ० स्वर्णलता कदम एवं डॉ० नीता सक्सेना का सक्रिय योगदान रहा ।

## अंग्रेजी विभाग



अंग्रेजी विभाग में विभागीय परिषद् में डॉ० मोनिका चौधरी के निर्देशन एवं डॉ० ऊषा साहनी व डॉ० शबीना परवीन के सहयोग से दिनांक 27.01.2021 को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और दिनांक 02.02.2021 को निबन्ध प्रतियोगिता, विषय-'समाज में अंग्रेजी साहित्य की भूमिका' का आयोजन किया गया । सभी प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की ।

## राजनीति विज्ञान विभाग



राजनीति विज्ञान विभागीय परिषद के तत्वावधान में डॉ० अनुजा रानी गर्ग के निर्देशन एवं डॉ० रामचंद्र सिंह के सहयोग से दिनांक 27.01.2021 को क्विज (सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी) का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राजनीति विज्ञान, भारतीय संविधान, भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन, भारतीय राज व्यवस्था, राजनीतिक चिन्तकों तथा समसामयिक विषयों पर आधारित प्रश्न पूछे गए । दिनांक 28.01.2021 को भाषण प्रतियोगिता, विषय-'भारतीय राजनीति में महिला सहभागिता' का आयोजन किया गया । राजनीति विज्ञान विभाग में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत दिनांक 13.03.2021 को 'महिला स्वास्थ्य एवं योग' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया । दिनांक 25.03.2021 को एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ० विनीता गुप्ता एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान, कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, मेरठ ने "प्रजातंत्र के समक्ष चुनौतियां" विषय पर छात्राओं को संबोधित किया ।

## अर्थशास्त्र विभाग




अर्थशास्त्र विभाग में डॉ० भारती दीक्षित के निर्देशन में विभागीय परिषद् में दिनांक 23.01.2021 को निबन्ध प्रतियोगिता, विषय "कोविड-19 का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव" और दिनांक 29.01.2021 को भाषण प्रतियोगिता, विषय "आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना सभी समस्याओं का एकमात्र समाधान है" का आयोजन किया गया । दिनांक 23.3.2021 को डॉ० छाया तेवतिया, एसोसिएट प्रोफेसर, आर०जी०पी०जी० कॉलेज, मेरठ द्वारा "कोविड-19 का असंगठित क्षेत्र पर आर्थिक प्रभाव" विषय पर विभाग में अतिथि व्याख्यान दिया गया । सभी विभागीय गतिविधियों मे डॉ० मंजू रानी का सक्रिय योगदान रहा।

**ज्ञान ही शक्ति है, सूचना मुक्ति है, शिक्षा हर समाज में, हर परिवार में प्रगति का आधार है । -कोफी अन्नान**

## समाजशास्त्र विभाग



समाजशास्त्र विभाग में डॉ० लता कुमार, के निर्देशन में विभागीय परिषद् में दिनॉक 28.01.2021को निबन्ध प्रतियोगिता विषय "कितनी स्वतंत्र हुई है नारी", दिनांक 04.03.2021 को भाषण प्रतियोगिता विषय "कोविड-19 का शिक्षा एवं शिक्षण पर प्रभाव" और दिंनाक 06.03.2021 को कोलाज प्रतियोगिता विषय 'मिशन शक्ति के द्वारा महिला सशक्तिकरण' का आयोजन किया गया । दिनांक 22.03.2021 को समाजशास्त्र विभाग में डॉ० संजीव महाजन, एसोसिएट प्रोफेसर समाजशास्त्र, एन०ए०एस० पी० जी० कालेज, मेरठ द्वारा 'समाजशास्त्र की विषय वस्तु और सामाजिक अनुसंधान' विषय पर अतिथि व्याख्यान दिया गया । विभागीय प्रतियोगिताओ के आयोजन में डॉ० ममता सागर एवं डॉ० गीता चौधरी का पूर्ण सहयोग रहा ।

## गृह विज्ञान विभाग

गृह विज्ञान विभाग में डॉ० गौरी के निर्देशन में विभागीय परिषद् के तत्वावधान में दिनांक 11.01.2021 को कोरोना वैक्सीन पर स्लोगन प्रतियोगिता और दिनांक 29.01.2021 को फाइल कवर डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । छात्राओं ने अनेकों सुंदर फाइल कवर डेकोरेट करके अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया।



## संगीत विभाग



संगीत विभाग में डॉ० राधा रानी एवं डॉ० शालिनी वर्मा के निर्देशन में विभागीय परिषद् में दिनांक 11.01.2021 को शास्त्रीय संगीत गायन प्रतियोगिता तथा दिंनाक 29.01.2021 को भजन गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की ।

## इतिहास विभाग



इतिहास विभाग परिषद में डॉ० अनीता गोस्वामी एवं डॉ० राजकुमार सिंह के निर्देशन में दिनांक 04.02.2021 को क्विज प्रतियोगिता (प्रश्नोत्तरी) और "अतीत को जानें" विषय पर मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने हार्डबोर्ड चार्ट पेपर आदि की सहायता से अत्यंत सुंदर मॉडल बनाकर अपनी रचनात्मकता को प्रदर्शित किया ।



## शारीरिक शिक्षा विभाग



शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में डॉ० भारती शर्मा, डॉ० पूनम भंडारी एवं डॉ० जितेंद्र कुमार बालियान के निर्देशन में विभागीय परिषद् में भाषण प्रतियोगिता विषय "खेल, स्वास्थ्य व कोविड काल", पोस्टर प्रतियोगिता विषय "मानव शरीर की संरचना" एवं क्विज प्रतियोगिता विषय "समसामयिक परिदृश्य में खेल" का आयोजन किया गया । सभी प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभागिता की ।

**शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं। -नेल्सन मंडेला**

## चित्रकला विभाग



डॉ० उमाशंकर प्रसाद एवं डॉ० रंजन कुमार के निर्देशन में विभागीय परिषद के अन्तर्गत रंगोली प्रतियोगिता, ग्रीटिंग प्रतियोगिता, कुल्हड़ सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसके अतिरिक्त दिनांक 16.01.2021 को युवा सप्ताह के अन्तर्गत पोस्टर प्रतियोगिता में चित्रकला विभाग की छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया ।



## रसायन विज्ञान विभाग



रसायन विज्ञान विभाग में डॉ० अलका चौधरी एवं डॉ० रोशन लाल के निर्देशन में विभागीय परिषद् में दिनाक 19.02.2021 को क्विज प्रतियोगिता विषय– "समसामयिक घटनाक्रमों" और दिंनाक 03.03.2021 को पोस्टर प्रतियोगिता विषय– "जलवायु परिवर्तन के परिणाम" का आयोजन किया गया । जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता कर जलवायु परिवर्तन के परिणामों को प्रदर्शित कया ।



## गणित विभाग



गणित विभाग में डॉ० अमित कुमार के निर्देशन, डॉ० सोशल एवं डॉ० शरद पंवार के सहयोग से विभागीय परिषद में दिनांक 17.02.2021 को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता और दिनांक 24.02.2021 को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की ।



## भौतिक विज्ञान विभाग



भौतिक विज्ञान विभाग के तत्वावधान में डॉ० राजीव कुमार के निर्देशन एवं डॉ० ज्योति चौधरी व डॉ० डेजी वर्मा के नेतृत्व में विभागीय परिषद् में दिंनाक 17.02.2021 को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता और दिंनाक 12.03.2021 को निबंध प्रतियोगिता विषय "Contribution of Physics in the Fight Against Covid-19" का आयोजन किया गया ।



## जंतु विज्ञान विभाग



जंतु विज्ञान विभागीय परिषद के तत्वावधान में डॉ० सत्यपाल सिंह राणा के निर्देशन में दिनांक 10.02.2021 को "कोविड-19" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता और दिनांक 01.03.2021 को सेमिनार का आयोजन किया गया । दिनांक 12.03.2021 को 'मिशन शक्ति अभियान' के अंतर्गत डॉ० कुमकुम के कुशल नेतृत्व में, एक दिवसीय कार्यशाला विषय "दैनिक जीवन में कला का महत्व एवं सिद्धांत" का आयोजन किया गया । जिसमें छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया । सभी प्रतियोगिताओं के आयोजन में डॉ० नरेंद्र कुमार का पूर्ण सहयोग रहा ।



**एक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हमें अज्ञानता और गरीबी से युद्ध लड़ने की क्षमता प्रदान करती है। -चार्ल्स बी० रंगेल**

## वनस्पति विज्ञान विभाग



वनस्पति विज्ञान विभागीय परिषद के तत्वावधान में डॉ० वैभव शर्मा के निर्देशन एवं डॉ० सुशील कुमार व डॉ० अरविन्द कुमार के नेतृत्व में दिनांक 22.02.2021 को निबंध प्रतियोगिता और दिंनाक 08.03.2021 को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । निबंध प्रतियोगिता "Natural Resources and their uses" विषय पर आयोजित की गई ।

## वाणिज्य विभाग

वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में डॉ० राकेश कुमार एवं डॉ० आवेश कुमार एवं डॉ० विकास कुमार के निर्देशन में विभागीय परिषद् में पोस्टर प्रतियोगिता विषय "कोरोना जागरूकता" और निबंध प्रतियोगिता विषय "कोविड-19" महामारी का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव का आयोजन किया गया ।



## बी०एड० विभाग



बी०एड० विभागीय परिषद के तत्वावधान में डॉ० भावना सिंह के निर्देशन में दिनांक 06.01.2021 को पोस्टर प्रतियोगिता विषय "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" और डॉ० अमर ज्योति के निर्देशन में दिनांक 21.01.2021 को निबंध लेखन प्रतियोगिता विषय "नई शिक्षा नीति 2020 एवं शिक्षक शिक्षा" का आयोजन किया गया । जिसमें छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग कर अपनी लेखन एवं रचनात्मकता का परिचय दिया ।



दिनांक 07.01.2021 से 09.01.2021 तक बेसिक गाइड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया । डी०ओ०सी० मेरठ, श्रीमती पूनम चौधरी ने छात्राओं को प्रशिक्षण दिया तथा प्रशिक्षण की प्रभारी डॉ० अमर ज्योति रहीं । दिनांक 11.01.2021 को डॉ० भावना सिंह के निर्देशन में द्वारा सामुदायिक कार्यों के अंतर्गत छात्राओं द्वारा पौधारोपण व महाविद्यालय सौंदर्यीकरण किया गया । दिनांक 12.01.2021 व 13.01.2021 को डॉ० आशीष पाठक के निर्देशन में आई०सी०टी० कार्यशाला, डॉ० पारुल मलिक के निर्देशन में छात्राओं हेतु "रीडिंग एंड रिफ्लेक्टिंग ऑन टेक्स्ट" विषय पर कार्यशाला, दिनांक 15.03.2021 से 22.03.2021 तक भाषा कौशल दक्षता विषय पर डॉ० शालिनी सिंह के निर्देशन में छात्राओं हेतु एक कार्यशाला, दिनांक 23.03.2021 से 27.03.2021 तक "कला एवं सौंदर्य" विषय पर डॉ० मंजू रानी के निर्देशन में छात्राओं हेतु एक कार्यशाला तथा दिनांक 01..03.2021 से 14.03.2021 तक सूक्ष्म शिक्षण अभ्यास कक्षाओं का आयोजन किया गया । सभी कार्यक्रमों के आयोजन में विभाग के सभी प्राध्यापकों का सक्रिय योगदान रहा।

## छात्राओं एवं शिक्षकों की विशेष उपलब्धियाँ



समाचार पत्र अमर उजाला, मेरठ द्वारा नारी सशक्तिकरण विषय पर महाविद्यालयीय स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें एम०ए० प्रथम वर्ष की श्वेता प्रथम तथा बी०एड० विभाग की छात्रा पूजा को द्वितीय स्थान तथा शिवानी हिरण्यावल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ । सभी विजेता प्रतिभागियों को अमर उजाला द्वारा पुरस्कृत भी किया गया । महाविद्यालय की हिन्दी विभाग की एसो० प्रो० डॉ० सुधा रानी सिंह को सुरेश ज्ञान विहार विश्वविद्यालय जयपुर में आयोजित सम्मान समारोह में एन० आर० बी० फाउण्डेशन एवं भव्य इण्टरनेशनल मैत्री सम्मेलन रेड डायमण्ड अचीवर अवार्ड 2020 द्वारा सम्मानित किया गया ।



**उच्चतम शिक्षा वह है जो हमें केवल जानकारी नहीं देती बल्कि हमारे जीवन को सभी अस्तित्व के साथ सामंजस्य बिठाती है । -रविन्द्र नाथ टैगोर**

# आगामी गतिविधियां

## जुलाई

- भूजल सप्ताह आयोजन
- पुरातन छात्रा सम्मेलन

## अगस्त

- "तनाव मुक्त कक्षा" विषय पर व्याख्यान
- आजादी का अमृत महोत्सव
- इतिहास विभाग द्वारा "Culture and Archeology" विषय पर सर्टिफिकेट कार्यक्रम
- कला विभाग द्वारा "कलाओं के विविध रूप" विषय पर सर्टिफिकेट कार्यक्रम
- संगीत विभाग द्वारा "संगीत में विभिन्न विधाएँ" विषय पर सप्त दिवसीय सर्टिफिकेट कार्यक्रम
- "उच्च शिक्षा में नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन" विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप ऑनलाइन
- स्वतंत्रता दिवस का आयोजन
- चौरी-चौरा महोत्सव
- सूचना एवं रोजगार प्रकोष्ठ द्वारा सिविल सेवा में कैरियर कैसे बनाएं विषय पर व्याख्यान
- प्रसार व्याख्यान प्रकोष्ठ द्वारा महिला एवं स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान

## सितम्बर

- पोषण सप्ताह का आयोजन
- भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा शोध प्रयोगशाला भ्रमण
- प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ
- हिन्दी पखवाड़ा आयोजन

## अक्टूबर

- गांधी जयंती
- आई० क्यू० ए० सी० प्रथम बैठक का आयोजन
- अभिविन्यास कार्यक्रम
- संयुक्त राष्ट्र दिवस

## नवम्बर

- यातायात माह
- राष्ट्रीय शिक्षा दिवस
- कौमी एकता सप्ताह
- संविधान दिवस
- अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस
- शिक्षक अभिभावक बैठक

## दिसम्बर

- विश्व एड्स दिवस
- अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस
- पुरातन छात्रा सम्मेलन
- आई० क्यू० ए० सी० द्वितीय बैठक का आयोजन
- मिशन शक्ति फेज-3 समापन

**शिक्षा ना केवल अवसर की एक पीढ़ी है बल्कि यह हमारे भविष्य में एक निवेश भी है । -ऐड मार्के**

# @ महाविद्यालय सुर्खियाँ......



छात्राओं के लिए किया गया व्याख्यान

21वें वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

नृत्य नाटिका से मोहा मन

मेरठ। लिटरेरी फेस्ट के अंतर्गत राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका विषय पर हिंदी विभाग के तत्वावधान में स्वरचित काव्यपाठ का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. दिनेश चंद और विभागाध्यक्ष डॉ. सुधा रानी ने विचार प्रस्तुत किए।

राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका विषय पर हुई स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता

हिन्दी का सम्मान सबके लिए जरूरी: डा. सुधा रानी

कॉलेज के व्याख्यान में मौजूद छात्राएं।

पर्यावरण की सुरक्षा को प्लास्टिक का प्रयोग नहीं: डा. दिनेश

छात्राओं व प्राध्यापकों को महिला सुरक्षा की दिलाई शपथ

योग में नेहा और काजल अव्वल

छात्राओं पर चढ़ा देशभक्ति का रंग

खेलों में दिखा

पुरस्कार पाकर

महिला सशक्तीकरण के लिए बेहतर स्वास्थ्य जरूरी

कॉलेज के व्याख्यान में मौजूद छात्राएं।

अल्पना से उकेरी सशक्त समाज की कल्पना

समाजशास्त्र विभाग ने पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन

पुरस्कार पाकर खिले छात्राओं के चेहरे

अमर भारती संवाददाता

...शुक्रवार को शहीद मंगल पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महिला विद्यालय में समाजशास्त्र विभाग पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ दिनेश चंद ने पूर्व में समाजशास्त्र परिषद द्वारा आयोजित कोलाज, भाषण व निबंध प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं तथा परिषद के पदाधिकारियों को पुरस्कार प्रदान किए। प्राचार्य ने छात्राओं को विभाग में आयोजित होने वाली शिक्षणेत्तर गतिविधियों में सोत्साह तथा पूर्ण मनोयोग से प्रतिभागिता का संदेश दिया। कार्यक्रम का संयोजन और संचालन समाजशास्त्र विभाग प्रभारी डॉ लता कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन शोध छात्र दीपक कुमार ने किया।

...को महिला सुरक्षा की दिलाई शपथ

...वार को शहीद मंगल पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना मिशन शक्ति अभियान के तहत सभी छात्राओं व प्राध्यापकों को महाविद्यालय प्राचार्य व नोडल अधिकारी मिशन शक्ति, मेरठ व सहारनपुर मंडल प्रो. दिनेश चंद ने महिला सुरक्षा की शपथ दिलाई। शपथ में एनसीसी कैडेट्स सहित महाविद्यालय की लगभग सौ छात्राओं ने सहभागिता की। इससे पूर्व महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. दिनेश चंद ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उन्हें महिला सुरक्षा के क्षेत्र में अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन डा. लता कुमार ने किया तथा छात्राओं को मिशन...

दुनिया में हो रहे परिवर्तन से उत्पन्न हो रहीं नवीन परिस्थितियां